Arbitrary Prices For New Gas Connections

*169. SHRI RAMA SHANKER KAUSHIK: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have permitted public sector oil companies viz., Bharat Petroleum and Hindustan Petroleum to issue new gas connections at arbitrary prices openly violating Government rules;

(b) What is the basis of giving such permission to both of the above companies and what price is fixed for each connection; and

(c) what would be its impact on the consumers waiting for their connections for a long time and by when they would be given the gas connections?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK): (a) No, Sir.

(b) Does not arise in view of (a) above.

(c) New LPG connections are released on the maturity of seniority of booking etc. However with the expected higher availability of LPG through imports and indigenous production, more connections are planned to be released in future. It is our endeavour to clear the waiting list across the country by the year 2001-2002.

श्री रमा शंकर कौशिक: श्रीमन्, माननीय मंत्री जी ने बताया है कि सरकार ने बिना नंबर के गैस कनेक्शन देने के लिए कोई अनुमति गैस एजेंसियों को प्रदान नहीं की है। लेकिन श्रीमन्, उत्तर प्रदेश में अक्टूबर के महीने में, 31 अक्टूबर तक सभी गैस एजेंसियों ने प्रायः गैस कनेक्शन दिए और बिना नंबर के गैस कनेक्शन दिए। इसके फलस्वरूप बड़े पैमाने पर बिना नंबर के गैस कनेक्शन मिले और वह भी मनमाने दामों पर। पहले 31 अक्टूबर तक निर्धारित किया था, उसके बाद 7 नवंबर तक निर्धारित किया और 7 नवंबर तक बिना नंबर के ये गैस कनेक्शन दिए जाते रहे और मनमाने दामों पर दिए जाते रहे। मुझे जो जानकारी है, उसके आधार पर मैं यह बात कह रहा हूं।

मैं माननीय मंत्री जी की बात को स्वीकार करते हुए कि उन्होंने इसे अनुमति नहीं दी,

†Original notice of the Question was received in Hindi.

मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि हमारी जो तेल कंपनियां हैं, क्या उनके प्रबंधकों द्वारा इसे अनुमति प्रदान की गई जिसके फलस्वरूप पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर बिना नंबर के गैस कनेक्शन प्रदान किए गए और मनमाने दामों पर प्रदान किए गए।

श्री राम नाईक: सभापति महोदय, जो जानकारी अभी माननीय सदस्य ने दी है, उसके आधार पर मैं यह जरूर देखूंगा कि ऐसे कोई गैस कनेक्शन दिए गए थे या नहीं दिए गए थे।

MR. CHAIRMAN: Second supplementary.

श्री रमा शंकर कौशिक: ठीक है, श्रीमन्, मंत्री जी ने आश्वासन दे दिया है।

*170 *[The Questioner (**Shrimati Kamla Sinha**) was absent. For answer vide page-infra.]*

नागरिकों को देश के विकास में भागीदार बनाने की योजनाएं

*171. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश के नागरिकों में स्वाभिमान, स्वावलंबन और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने के लिए कोई परिणामोन्मुखी प्रभावी योजना बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो इस दिशा में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या क्या है; और

(ख) क्या सरकार देश के प्रत्येक नागरिक की राष्ट्रीय उत्पादन और सुरक्षा में भागीदारी हेतु कोई योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इन योजनाओं का सवरूप क्या होगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेन्शन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में राज्य मंत्री (श्री अरुण शौरी): (क) और (ख) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) स्वतन्त्रता के पश्चात आर्थिक विकास और समृद्धि के संबंध में योजना हमारे दृष्टिकोण का एक आधार स्तम्भ रही है। संघीय प्रणाली में योजना का प्रमुख कार्य राष्ट्रीय उद्देश्यों के संबंध में साझी दृष्टि और साझी प्रतिबद्धता उत्पन्न करना और न केवल सरकार में सभी स्तरों पर बल्कि व्यक्तियों सहित अन्य सभी आर्थिक एजेन्टों के बीच भी विकास कार्य नीति विकसित करना है। विकास कार्य नीति की सफलता के लिए, अर्थ व्यवस्था के प्रत्येक घटक को उत्तरदायित्वों के समग्र ढांचे के भीतर उसके द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका के प्रति सजग रहते हुए, एक समान उद्देश्य के लिए कार्य करना चाहिए। किसी राष्ट्र के मजबूत और आत्मविश्वासी होने के लिए इसके प्रत्येक नागरिक को स्वयं अपने संबंध में और अपने राष्ट्र के संबंध में आत्मविश्वास की